हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 16.1 डिग्री

12 पूर्व मंत्री ने किया विकास योजनाओं का उद्घाटन



12 अनाजमंडी में शुरू हुई सरसों की सरकारी खरीद



## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 4 साल की सजा

**पानीपत।** पानीपत जिले की फास्टट्रैक कोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने के दोषी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी मोहित को 4 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 27 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर दोषी को 4 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बापौली थाना पुलिस को दी शिकायत में एक पिता ने बताया कि 9 जुलाई 2023 को उसकी बेटी सामान लेकर गांव लौट रही थी। रास्ते में मोहित ने उसकी बेटी का रास्ता रोका और उसके साथ बदतमीजी की।

### खनन विभाग ने अवैध खनन पर लगाई लगाम

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया के दिशा निर्देश पर जिले में प्रशासन द्वारा अवैध माइनिंग का कार्य करने वालों पर ठोस कार्रवाई की जा रही है।जिला माइनिंग अधिकारी निरंजन ने बताया कि आज सुबह 6:30 बजे माइनिंग की टीम ने आटा गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर अवैध माइनिंग का कार्य करने वाले एक वाहन संचालक के वाहन की जांच की व नियम के विरुद्ध पाने पर 2 लाख 12 हजार रुपए जुर्माना किया व उनके ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया। इस दौरान अन्य वाहनों की भी जांच की गई।

### बातों में उलझाकर महिला से लूटी नगदी व गहने

**पानीपत।** गौशाला मंडी के गेट पर दो ठगों ने एक महिला को अपना शिकार बनाया। उन्होंने रास्ता पूछने के बहाने महिला को रोका। इसके बाद वे उससे किराया लेने के बहाने उसे दूसरी गली में ले गए। जहां उन्होंने उसे बातों में उलझाकर उसके कान के कुंडल और नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### 'आईडिया कृर्ति 7.0 का आयोजन 20 से 26 तक

**करनाल।** पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने बताया कि महाविद्यालय में स्थित स्टार्टअप इनक्यूबेटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 6 दिन का विशेष इवेंट आइडिया कृति 7.0 का आयोजन 20 से 26 मार्च तक किया जा रहा है। यह इवेंट महाविद्यालय के स्टार्टअप इनक्यूबेटर का 7वां संस्करण है और इस कार्यक्रम में छात्रों को व्यापार शुरू करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। स्टार्टअप इनक्यूबेटर की शुरुआत 2019 में हुई थी और तब से यह कॉलेज के छात्रों को अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

### प्लास्टिक बैग में मिला नवजात बच्ची का शव

**यमुनानगर।** पुराना हमीदा में मां की ममता तार तार हो गई है। सात माह की बच्ची को जन्म देने के बाद महिला ने उसे प्लास्टिक के बैग में डालकर हमीदा की ब्रह्मपुरी मोहल्ले में नाले के नजदीक फेंक दिया। कुत्ते जब बैग को खींच रहे थे तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने प्लास्टिक का बैग खोलकर देखा तो उसमे करीब सात माह की नग्न बच्ची का शव पड़ा था।

## होली के दिन पड़ोस में हुआ झगड़ा, तभी से आरोपी पक्ष दे रहा था धमकी

# पानीपत में दो युवा दोस्तों की चाकू से हत्या, पुलिस की चार टीमें गठित

### नीरज 10वीं का छात्र था और सूरज इस्त्री का काम करता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- दोहरी हत्या को होली के दिन हुए विवाद से जोड़कर देखा जा रहा

नूरवाला में दो दोस्तों की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि होली के दिन पड़ोस में झगड़ा हुआ था। तभी से आरोपी पक्ष हत्या करने की धमकियां दे रहा था।

इसी बीच मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे दोनों को चाकुओं से गोद दिया। आनन-फानन में दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद दोनों शवों का पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया है। तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह जसबीर कॉलोनी नूरवाला का रहने वाला है। उसके पास एक बेटा व दो बेटियां हैं। उसके बेटे नीरज की उम्र 18 साल है। नीरज का दोस्त सूरज निवासी जसबीर कॉलोनी था। नीरज और सूरज 18 मार्च की रात करीब 9 बजे घर से घूमने के लिए निकले थे। लगभग साढ़े 9 बजे नीरज के फोन से कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि आपके बेटे नीरज को चोट लगी है और वह जसबीर कॉलोनी में खाली जगह पर पड़ा हुआ है। परिजनों को वहां पता लगा कि नीरज को अस्पताल लाने से पहले सूरज को भी घायल अवस्था में सिविल अस्पताल ले जाया गया था। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया था। लेकिन कागजी कार्रवाई के दौरान उसकी भी मौत हो गई थी। परिवार वालों को पता लगा कि दोनों दोस्तों को हैप्पी तोमर, गौरव उर्फ जलेबी, जोनी गौतम, सन्नी बंजारा, गजनी, मोदा, कुलदीप, रणजीत, आर्यन उर्फ मोटा, अरूण व विकुल ने मिलकर तेजधार हथियार से चोटें मारकर हत्याएं की हैं। वहीं जानकारी के अनुसार उक्त दोहरी हत्या को होली के दिन हुए विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। उस दिन सूरज के छोटे भाई गोविंदा का पड़ोस के युवक के साथ झगड़ा हो गया था।

पड़ोसी ने गोविंदा की पिटाई कर दी थी। हालांकि बाद में समझौता हो गया था। जिस युवक के साथ गोविंदा का झगड़ा हुआ था, सोमवार को उसकी किसी ने पिटाई कर दी। मारपीट का शक गोविंदा पर गया। मंगलवार रात सूरज के पड़ोस में रहने वाले जॉनी ने उनके घर बताया कि सूरज को किसी ने चाकू मार दिया है। वहीं नीरज 10वीं में पढ़ता था और इकलौता बेटा था। सूरज का परिवार मूलरूप से नेपाल का है। वह रात में प्रेस का काम करता था। दिन में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में काम करता था।



**पानीपत।** घटनास्थल का निरीक्षण करने जाते एसपी लोकेंद्र सिंह व अन्य।

#### गिरफ्तारी जल्द

एसपी लाकेंद्र सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार अल सुबह स्वयं डीएसपी मुख्यालय सतीश गौतम व थाना तहसील कैंप प्रभारी के साथ घटना स्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने मौके पर ही थाना तहसील कैंप पुलिस टीम के अतिरिक्त सीआईए की तीनों युनिट प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ के निर्देश दिए। गठित की पुलिस की चारों टीमें आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे।

## ट्रेन के आगे धक्का देकर की थी युवक की हत्या, तीन काबू

- एक आरोपी को पुलिस ने लिया रिमांड पर, दो को भेजा जेल
- रेलवे लाइन से मिली थी युवक की लाश, रंजिश की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों में एक किशोर भी शामिल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को रिमांड पर लिया है। दूसरे आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों पर एक युवक को ट्रेन के आगे धक्का देकर हत्या करने का आरोप है। पकड़े गए आरोपियों में छावनी के न्यू प्रीत नगर के रहने वाले संचित ग्वाल मंडी का कर्ण व एक किशोर शामिल है।

पुलिस ने आरोपी संचित को एक दिन के रिमांड पर लिया है। छावनी के ही पल्लेदार मोहल्ले के रहने वाले घनश्याम ने 8 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि उसका पुत्र घर से अपने दोस्तों के साथ पार्टी में जाने के लिए कहकर गया था। इसके बाद उसका कहीं भी सुराग नहीं लगा। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। 11 फरवरी 2025 को रेलवे पुलिस को रेलवे लाइन से एक लड़के की नाश मिली थी। जीआरपी पुलिस द्वारा लाश का पोस्टमार्टम करवाया गया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक के दोस्त संचित, कर्ण व अन्य ने रंजिश के चलते उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया था। इसी वजह से उसकी मौत हो गई थी।



**अंबाला।** युवक की हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपी।

### हत्या के प्रयास में काबू

थाना साहा में दर्ज जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

सलीम ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिनेश पाल उर्फ देशी व अन्य ने गांव लाहा माजरी में उस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को काबू किया है।

## शादीशुदा महिला से शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील वीडियो बनाया

- महिला का आरोप, वीडियो के जरिए कई बार किया ब्लैकमेल
- पीड़िता व उसके बेटे को जान से मारने की दी धमकी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

क्षेत्र के एक गांव में शादीशुदा महिला से पहले दोस्ती कर फिर शारिरिक संबंध बनाते समय वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके मना करने पर भी आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार जबरन संबंध बनाए ।

पीडिता ने आरोपी पर उसके बच्चे को भी जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

शादीशुदा महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक बेटा भी है। वह अपने बेटे को गांव के बस स्टैंड पर स्कूल छोड़ने व लेने जाती थी । वहीं एक जूस की दुकान पर आरोपी लड़का रवि बैठता था । उसने कहीं से पीडिता की इंस्टाग्राम आईडी ले ली । इंस्टाग्राम पर ही रवि ने महिला से दोस्ती कर ली। इसके बाद दोनों बातचीत शुरू हो गई। आरोपी के कहने पर पीडिता उसके घर मिलने चली गई । महिला का आरोप है कि यहां आरोपी रवि ने उसके साथ शारिरिक संबंध बनाए ।महिला की मानें तो आरोपी ने चोरी छुपे उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीडिता को इसकी भनक तक नहीं लगी। इसके बाद वह पीडिता को मिलने के लिए बार बार बुलाने लगा। एक दिन पीडिता ने आरोपी को मिलने से मना किया तो रवि ने उसे बताया कि उसके पास शारिरिक संबंध बनाते समय की वीडियो है।

#### पति को भी धमकी दी

आरोपी ने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि इसी मजबूरी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। एक बार पीडिता ने उसे मिलने से बिल्कुल मना कर दिया तो आरोपी ने उसे उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी ।तब डर के कारण महिला ने सारी बात अपने पति व मायके वालों को बताई। महिला के पति ने जब आरोपी को फोन किया तो उसने उसको जान से मारने की धमकी दी।

## कलयुगी बेटे ने ड्रिल मशीन से की थी मां-बाप की हत्या

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया
- आरोपी बेटे का पिता के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कमालपुर रोडान गांव में कलयुगी बेटे ने अपने ही मां-बाप को मौत के घाट उतार दिया। हत्याकांड को अंजाम देने के लिए आरोपी ने ड्रिल मशीन का इस्तेमाल किया।

आरोपी डीपीएस स्कूल करनाल में बस ड्राइवर है और वहीं से इसने एक मिस्त्री से ड्रिल मशीन का इंतजाम किया था और उसको एक कट्टे में डाला। अपने साथ काम करने वाले टिकरी गांव के दोस्त की कार का इस्तेमाल भी वारदात में किया। इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम ने खुलासा किया कि आरोपी ने कार की नंबर प्लेट उतार दी थी और रात को करीब एक बजे वह संगोहा व दरड़ गांव के रास्ते से होता हुआ कमालपुर रोडान गांव में पहुंच गया था। 13-14 मार्च की दरमियानी रात को वह दीवार फांदकर अपने घर में घुस गया, उसे पता था कि उसका पिता होली वाले दिन शराब पीता है। चूंकि उसका पिता नशे में था, उसने ड्रिल सीधे उसके सिर में घुसा दी और फिर मां ने शोर मचाया तो उसने मां को भी सिर में ड्रिल मशीन घुसाकर मार दी।

फर्श पर खून बिखर गया था, उसने खून को साफ भी किया लेकिन खून ज्यादा था, वहीं पर उसे करीब ढाई बज गए थे। ज्यादा खून न बहे इसके लिए उसने दरी का इस्तेमाल किया और उन पर दोनों शव डाल दिए।

कार को बैक करने के बाद डिग्गी में पहले मां फर्श पर खून बिखर गया था, उसने खून को साफ भी किया लेकिन खून ज्यादा था, वहीं पर उसे करीब ढाई बज गए थे। ज्यादा खून न बहे इसके लिए उसने दरी का इस्तेमाल किया और उन पर दोनों शव डाल दिए। उसके बाद वापिस इसी रास्ते से टिकरी गांव में पहुंचा और कार को अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ा किया। पुलिस को बेटे पर शक था, जिसे हिरासत में लिया गया और सारे सबूत आरोपी बेटे की तरफ इशारा कर रहे थे। जब सबूत ढूंढे गए और आरोपी को दिखाए गए तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

#### ये है पूरा मामला

गांव कमालपुर रोडान में महेंद्र सिंह अपनी पत्नी बाला के साथ घर पर रहता था। उसका हिम्मत नाम का बेटा है और एक बेटी है। बेटी की भी शादी हो चुकी है और बेटे ने करीब 9 महीने पहले अरेंज मैरिज की थी। वह करनाल के उचाना गांव में अपनी पत्नी के साथ किराये के मकान में रह रहा था। हिम्मत सिंह डीपीएस स्कूल करनाल में ड्राइवरी का काम करता था। उसके पिता उसकी शादी से नाराज थे और प्रोपर्टी को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। हत्याकांड को अंजाम हिम्मत 13 मार्च की आधी रात को कमालपुर गांव में अपने दोस्त शिव की कार लेकर पहुंचा था।

### पिता का शव नहीं मिला

बाद में पता चला कि आरोपी बेटे का अपने पिता के साथ प्रॉपर्टी विवाद था। मामला कोर्ट में भी चल रहा है। आरोपी को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है ताकि आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा सके। फिलहाल महेंद्र सिंह का शव नहीं मिल पाया है, एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में लगी हुई है।

## बकाया संपत्ति कर वाले सरकारी भवन होंगे सील : सिन्हा

- 15 से अधिक विभागों पर है दस करोड़ से अधिक संपत्ति कर बकाया
- सरकारी विभागों के अधिकारियों की निगमायुक्त ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बकाया संपत्ति कर के सरकारी विभागों के अधिकारियों की निगम कार्यालय यमुनानगर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने की। इस दौरान बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि पहुंचे। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने सभी विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जल्द से जल्द जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी दी कि यदि प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराया तो विभाग के कार्यालय को भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सरकारी विभागों के विभिन्न भवन बने हुए हैं। जिन पर 10 करोड़ रुपये अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। नगर निगम द्वारा सरकारी विभागाध्यक्षों को डीओ लेटर जारी कर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के निर्देश दिए थे। कुछ विभागों द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करा दिया गया है। कुछ ने उच्च अधिकारियों से टैक्स जमा कराने के लिए बजट की मांग की। लेकिन कुछ विभागों द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। कुछ अधिकारियों ने कहा कि उनकी तरफ से उच्च अधिकारियों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए बजट की मांग की गई है।



**यमुनानगर।** बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त आयुष सिन्हा।

## ट्रक चालक की संदिग्ध हालत में मौत

- मृतक के परिजनों ने कंपनी कर्मियों पर मौत छिपाने का आरोप लगाया
- अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मौत को संदिग्ध बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के रादौर में क्षेत्र में मेरठ निवासी 25 वर्षीय दीपक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। इसकी हार्ट अटैक से मौत बताई गई है।

मेरठ के चिकित्सकों ने हार्ट अटैक में मुंह व नाक से खून आने पर सवाल उठाए हैं। जिस पर उसके परिजन मृतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर लाए। यहां डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चालक की मौत के कारणों का पता लग सकेगा। मृतक के पिता कृष्ण पाल कश्यप ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा दीपक एसीसी सीमेंट कंपनी में अपनी खुद की गाड़ी चलाता था। वह दो दिन पहले रादौर क्षेत्र में सीमेंट उतारने आया था। यहीं पर उसकी मौत हो गई। उनको मौत की सूचना तुरंत नहीं दी गई। एक.दो दिन रुक कर बताया कि उनके बेटे की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसके बेटे के सहकर्मी ने फोन कर परिवार को सूचित किया कि दीपक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। परिजन तुरंत रादौर पहुंचे।

#### रिपोर्ट का इंतजार

परिजनों ने कंपनी कर्मचारियों पर मौत छिपाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मौत की सूचना एक दिन बाद क्यों दी गई। परिवार ने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। रादौर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी संजीव कुमार के मुताबिक सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट मिलने पर मामले के बारे में पता चलने की उम्मीद है। मृतक के परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## कुवि में एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

# एनईपी बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है: शर्मा

- उद्योगों के साथ सहयोग पर भी जोर देती है एनईपी नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से सीनेट हॉल में उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और माइक्रो-क्रेडेंशियल्स पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है, जिसमें प्रवेश और निकास के कई विकल्प दिए जाते हैं, जिससे शिक्षार्थियों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में अधिक लचीलापन मिलता है। इसे अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के माध्यम से सुगम बनाया जाता है, जो शैक्षणिक उपलब्धियों के निर्बाध हस्तांतरण और मान्यता को सक्षम बनाता है, व्यक्तिगत और लचीले शिक्षण मार्गों को बढ़ावा देता है। यह नीति उद्योगों के साथ सहयोग पर भी जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र रोजगार बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप रोजगार योग्य कौशल विकसित करें।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक द्वारा उच्चतम ग्रेड ए-प्लस-प्लस प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ विश्वविद्यालय तथा संबंधित कॉलेजों में देश में सर्वप्रथम लागू किया गया है।



**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण।

#### कौशल भी जरूरी

कार्यशाला के लिए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बधाई संदेश प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि युवाओं को जीवन में वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करने का माध्यम होनी चाहिए। ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सांझेदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## हेरोइन बेचने के लिए खड़े युवक को किया गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के जोडिया गुरूद्वारे के नजदीक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से नौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

फरकपुर चौकी के इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति गुरुद्वारे के पीछे नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े युवक को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी जिंदा हसन के नाम से हुई। युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे नौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## खबर संक्षेप

### प्रधान पद के लिए नहीं बनी सहमति

**घरौंडा।** कच्चा आढ़ती एसोसिएशन की बैठक में प्रधान पद के लिए सहमति नहीं हो पाई है। चुनाव के रण में तीन प्रत्याशी मैदान में उतर गए हैं। बैठक की अध्यक्षता मंडी के प्रधान डॉ सुखबीर संधू ने की। बैठक में पूरे साल का लेखा जोखा भी दिया गया है। प्रधान पद का चुनाव 22 मार्च को होगा।

कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद का समय समाप्त होने वाला है। सन 2025- 26 का प्रधान बनाने के लिए बुधवार को कम्युनिटी सेंटर में आढ़तियों की एक आम बैठक बुलाई गई। बैठक में मंडी के अधिकतर आढ़तियों ने हिस्सा लिया। मंडी प्रधान सुखबीर संधू ने पूरे साल का लेखा जोखा देने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।



### अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी

**करनाल।** जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि खनन व भू विज्ञान के महानिदेशक के एम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एएसआई मोहन लाल, इएएसआई राजेंद्र तथा खनन रक्षक रोहताश संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान तरावड़ी फ्लाइओवर के पास एक ओवर लोडिड ट्रक को पकड़ा, जो अपनी क्षमता से 22 मीट्रिक टन अधिक भरा हुआ था।

### जिला कारागार में लगी लोक अदालत में 4 रिहा

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के समक्ष रखे गए सभी 7 मुकदमों का निपटारा किया गया। इन मुकदमों में 4 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।

### शहादत दिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप 22 को

**घरौंडा।** संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरसत एवं नाड़ी वैद्य ट्रस्ट द्वारा निफा के सहयोगी के रूप में आयोजित 'संवेदना 2' के नाम से एक अंतरास्ट्रीय ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो हमारे अमर शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की शहादत दिवस को ब्लड डोनेशन कैंप के रूप में मनाने जा रहा है यह नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवल पर लगाए जाएंगे इसी कड़ी में बरसत गांव में आने वाली 22 मार्च 2025 को संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरसत में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---

### सांग मानवीय मूल्यों के लिए महत्वपूर्णः प्रोफेसर रामपाल सैनी

# सांग महोत्सव में पुरानी संस्कृति और परम्पराओं का गुणगान प्रेरणादायक

सांग महोत्सव के दूसरे दिन एसडीपीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने दी राजा नल दमयंती सांग की शानदार प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में चल रहे चार दिवसीय सांग महोत्सव के दुसरे दिन एसडीपीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने राजा नल दमयंती के किस्से का सांग प्रस्तुत कर दर्शकों को भावुक कर दिया। अपनी प्रस्तुति में एसडीपीजी कॉलेज की टीम ने सुनाया कि नल निषाद देश का राजा था, जो वीरसेन का पुत्र था और शस्त्र विद्या तथा अश्व-संचालन में निपुण था। दमयंती विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री थी, जो अत्यंत रूपवान थी। नल और दमयंती एक-दूसरे की प्रशंसा सुनकर बिना मिले ही एक-दूसरे से प्रेम करने लगे,दमयंती के स्वयंवर में नल के रूप में इन्द्र, वरुण, अग्नि तथा यम भी शामिल हुए, जिससे दमयंती को राजा नल को पहचानने में कठिनाई हुई, लेकिन अंततः उसने देवताओं से शक्ति मांगकर राजा नल को पहचान लिया। नल और दमयंती का विवाह हुआ और वे खुशी से रहने लगे। बाद में, राजा नल ने चौपड़ के खेल में अपनी सत्ता को दांव पर लगा दिया और सब कुछ हार गए, जिससे उन्हें अपना राज्य छोड़कर निषाद देश जाना पड़ा। राजा नल को अभाव मय जीवन से तंग आकर अपनी पत्नी को भी छोड़ना पड़ा, लेकिन अंततः वे फिर से मिल गए और सुखपूर्वक जीवन व्यतीत किया। नल-दमयंती की कथा प्रेम और पीड़ा का एक प्रभावशाली उदाहरण है। सभी अतिथियों का सत्कार कर सम्मानित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि सांग महोत्सव युवाओं को पुरानी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का माध्यम है। हमारी संस्कृति संस्कार, सभ्यता, कला, प्रकृति, और मानवीय मूल्यों को महत्व देती है। आज के दौर में उसकी प्रासंगिकता बढ़ जाती है। इसलिए सांग को हर गांव - गली तक लेकर जाना हमारी जिम्मेदारी है। कुरुक्षेत्र विवि की युवा एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं प्राचार्य आर्य कॉलेज पानीपत डॉ जगदीश गुप्ता ने कहा कि सांग को ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बनाने के लिए युवाओं को जोड़ने का प्रयास हमें करना चाहिए। क्योंकि देहात में सांग ज्यादा लोकप्रिय होते थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। मेघराज कोशिक भी वशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य रूप से मौजूद रहे। सांग महोत्सव की संयोजक डॉ पुनम वर्मा व डॉ प्रतिभा ने चार दिवसीय सांग महोत्सव के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत कर सभी का आभार व्यक्त किया।

#### मुख्य अतिथि ने की प्रशंसा

सांग महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित बीजेपी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्राचीन परंपरा पर आधारित सांग हमारे संस्कारों, रीति रिवाजों और राज काज की व्यवस्था का गुणगान कर आज की पीढ़ी से अवगत कराते हैं। सांग से हमें पुरानी संस्कृति, सभ्यता और परंपराएं समझ में आती है। सांग सुनकर हमें उस समय की याद आ जाती है। जब पुराने बुजुर्ग गुन गुनाया करते थे।

#### संचालन डॉ सुरभि ने किया

इस मौके पर वशिष्ट अतिथि सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग आर्य कॉलेज पानीपत के निदेशक डॉ रामनिवास, डॉ अशोक गुड्डू, सांग प्रेमी बलवंत, अमरनाथ, शमशेर नरुखेड़ी, रणसिंह इंद्री, मास्टर बलबीर सिंह बड़ौता, प्रेम चंद गौतम, नाथीराम सैनी, ताराचंद सैनी सहित कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---



### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 21 को

करनाल। सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 21 मार्च को लगाया जाएगा। संजीव बंसल सिगनस अस्पताल के सहयोग से यह कैंप सरकारी पॉलीक्लिनिक सेक्टर 16 में लगाया जाएगा, जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। यह जानकारी संस्था के मीडिया कोर्डिनेटर अनीश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल विधायक जगमोहन आनंद शिरकत करेंगे। सम्मानीय अतिथि के रूप में जेसीआई इंडिया के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट जेसी अशोक भाट तथा विशेष अतिथि के रूप में जॉन 10 के अध्यक्ष जेएफएम राहुल सिंगला को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में फिजिशयन, आर्थो, जनरल सर्जरी, फिजीयोथेरेपी, स्त्री रोग संबंधित ओपीडी निशुल्क होंगी। कई टेस्ट भी फ्री किए जाएंगे। सिगनस अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर की



करनाल। एमएचयू में आयोजित जागरूकता कार्यशाला में उपस्थितजन।

### बच्चों ने गीत संगीत कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा

**करनाल।** अटल पार्क में चाहत कराओके अकादमी द्वारा गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु के लोगों ने गीत गाकर और डांस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों ने जब सुर में गीत गाए तो श्रोता हैरान रह गए। 12 वर्षीय नेहा ने नृत्य से समा बांध दिया। चार वर्षीय निकुंज ने खैरियत गीत गाया। साहिल ने तुम मुझे भुला न पाओगे, लावण्या ने शरारा सॉन्ग पर डांस किया। अरुण ने किसी की मुस्कुराहट पर हो निसार तथा नरेश ने तेरी बातों के सिवा दुनिया में रखा क्या है गीत गाए। अंकुश ने छोड़ दे दुनिया किसी के लिए, अशोक कुमार ने किसी की मुस्कुराहट पर गीत गाया। सभी प्रतिभागियों को अकादमी की ओर से प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। इस मौके पर ऑर्गेनाइजर विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि करनाल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

---

## राजनीतिक दलों से मांगे चुनाव से संबंधित सुझावः उत्तम सिंह

दो दिनों में लिखित सुझाव दे सकते है राजनीतिक दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निवार्चन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुनाव प्रक्रिया से संबंधित उनके सुझाव लिए जा रहे हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया को और पारदर्शी, सरल और सुचारू बनाया जा सके।

उपायुक्त बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सुझाव लेने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बैठक के बाद अगर कोई और सुझाव भी आप देना चाहते हैं तो आगामी दो दिनों के अंदर लिखित रूप में अपने सुझाव दे सकते हैं। उपायुक्त ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों की स्थिति, बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति, ईवीएम, पोलिंग पार्टी और अन्य चुनावी विषयों पर बैठक में चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों से चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बैठक में जो सुझाव लिए हैं उसकी रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश के चुनाव आयोग को जल्द भेज दी जाएगी।

### डीएसपी कार्यालय में लगाया वट वृक्ष का पौधा

**इंद्री।** डीएसपी कार्यालय इंद्री के प्रांगण डीएसपी सतीश गौतम के नेतृत्व में पौधारोपण एवं पौधा पोषण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे नगर पालिका की वरिष्ठ पार्षद कांता रानी, सामाजिक कार्यकर्ता रघुवीर बतान, कमलजीत सिंह, आदिल खान व प्रवेश कुमारी ने कृष्ण वट वृक्ष का पौधा लगाया। डीएसपी सतीश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएसपी परिसर को साफ सुथरा व स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए समाजसेवियों के सहयोग से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिसर में लगभग 30 प्रकार के फूलों के पौधे, 200 से अधिक फलदार, छायादार व सजावटी पौधे रोप दिए गए हैं।

## नगरपालिका तरावड़ी में बजट को लेकर बैठक में किया मंथन

15 करोड़ 37 लाख रुपये की कुल आय का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



19 मार्च (राजकुमार खुराना) नगरपालिका तरावड़ी में आज वर्ष 2025-26 की बजट बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विरेंद्र बंसल ने की। बैठक में वित्त वर्ष में होने वाले आय व व्यय का हिसाब सभी पार्षदों के सामने रखा और सभी ने इसे आम सहमति से पारित कर दिया। पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि बैठक में 15 करोड़ 37 लाख रुपये की कुल आय का अनुमान लगाया गया है जिसमें 60 लाख रुपये प्रोपट्री टैक्स से, 21 लाख रुपये नपा की दुकानों आदि के किराए से, 80 लाख रुपये मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के तहत बेची जाने वाली दुकानों से व 2 करोड़ रुपये विकास चार्जिस के अलावा अन्य माध्यमों से यह आय होगी। इसी तरह शहर में होने वाले विकास कार्यों पर 6 करोड़ 50 लाख रुपये व तनख्वाह समेत अन्य कार्यों पर खर्च का अनुमान लगाया है। बजट बैठक के दौरान कई पार्षदों ने विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया।

## लिबर्टी शूज ने पहला फुटवियर स्कैनर विकसित किया

- देश में धूम मचाएगा पहाड़ों की सर्दी में पैरों को गर्मी देने वाला थर्मोवेयर जूता
- नैशनल चैनल मीट में तीन सो वैरायटी प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लिबर्टी शूज ने 73 सालों में दो पेयर प्रतिदन जूता बनाने से लेकर छह हजार पेयर प्रति दिन बनाने का सफर तय किया। लिबर्टी शूज ने अपने तकनीशियनों की मदद से पहला फुटवियर सक्नैर विकसित किया हैं। जो शरीर के साथ पैरों की बनावट और शरीर के पोस्चर के साथ बजन और लंबाई को स्कैन कर ऐसा सोल बनाएगा। जो शरीर के कई विकारों से मुक्ति दिलाएगा। इस विशेष स्कैनर से अर्थोपैडिक सोल तैयार होगा। जिससे कई रोगों से मुक्ति मिलेगी। लिबर्टी की इस नैशनल मीट में इस स्कैनर ने धूम मचाई। जानकारी देते हुए लिबर्टी के सीई ओ रमन बंसल ने बताया कि करनाल में चल रही नैशनल मीट में छह नई तकनीक के साथ 300 वैरायटी प्रदर्शित की हैं। इसमें सर्दी में गर्मी का अहसास करवाने वाला थर्मोवेयर शूज जो पहाड़ें में वफ्रऊ के बीच पांवों को गर्म रखेगा। इसके अलावा पैरौ को मसाज करने वाला शूज, पैरों के साइज के हिसाब से स्वरूप लेने वाला शूज , बच्चों के लिए आटोमेटिक लैस फिट करने वाला शूज आकर्षण का केंद बना।

### जिलाध्यक्ष ने किए हनुमान जी के दर्शन

**करनाल।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने करनाल के दयालपुरा गेट स्थित खेड़ा मंदिर में पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष नतमस्तक हो कर माथा टेकते हुए भगवान हनुमान जी का धन्यवाद करते हुए लोगों के सुख शांति की प्रार्थना की।

उन्होंने कहा की कोई भी शुभ काम की शुरुआत से पूर्व प्रभु का आशीर्वाद अति आवश्यक है और यह पंचमुखी हनुमान जी का प्राचीन मंदिर जो सालों से लोगों की श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है. यहां पर आने वाले हर श्रद्धालुओं की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। उन्होंने कहा कि मंगलवार के दिन ही हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन उनकी पूजा जरूर करनी चाहिए।

## राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

महाराजा अग्रसेन के जीवन विषय पर भाषण दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अग्रकुल सेवा संस्था की ओर से राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गुरु नानक खालसा कालेज करनाल में किया गया। प्रतिभागियों ने महाराजा अग्रसेन का जीवन विषय पर भाषण दिए। मुख्य अतिथि के रूप में आर्य पी.जी. महाविद्यालय पानीपत के प्राचार्य डा. जे.सी. गुप्ता ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रवीण गर्ग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान डा. एसके गोयल ने की। उन्होंने अतिथिगणों व प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रतिभागियों ने भाषण के जरिए महाराजा अग्रसेन के जीवन के हर पहलू से अवगत करवाया। बताया कि महाराजा अग्रसेन भगवान श्री राम के 34वें वंशज थे। महाराजा अग्रसेन ने किस प्रकार समाज हित और देश हित में जीवन पर्यंत कार्य किए। आज अग्रवाल समाज सहित सभी लोग उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। मंच संचालन शिल्पा खेमका ने किया।

#### आर्य पीजी महाविद्यालय पानीपत ने जीती ट्रॉफी

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। आर्य पीजी महाविद्यालय पानीपत के नीतेश ने पहला, आर्य पीजी महाविद्यालय पानीपत की दिव्या ने दूसरा तथा राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल की किरण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गुरुनानक खालसा कालेज करनाल की महकप्रीत, केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय की तान्या शर्मा और जीवन चानन महाविद्यालय असंध की वृद्धि को सांत्वना पुरस्कार मिला। ओवरऑल ट्रॉफी आर्य पीजी महाविद्यालय पानीपत ने जीती। विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार व स्मृति चिह्न संस्था की ओर से भेंट किए गए।

## भाईचारे की मिसाल कायम करेगा महापुरुष सम्मान दिवस

36 बिरादरी के लोगों को दिया जा रहा है न्यौता

- जाट महासभा करनाल की ओर से 22 मार्च को किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जाट महासभा करनाल की ओर से बुधवार को भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रधान प्रवीण लाठर और करनाल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सुरजीत मढाण का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्ण तौर पर गैर राजनीतिक रूप में जाट धर्मशाला में जाट महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर (भूप्पी) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जाट महासभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्य मौके पर मौजूद रहे। प्रवीण लाठर और सुरजीत मढाण को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। जाट महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि प्रवीण लाठर और सुरजीत मढाण ने जाट समाज का सम्मान बढ़ाने का काम किया है।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधान भूपिंद्र लाठर ने कहा कि 22 मार्च को जाट धर्मशाला में महापुरुष सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 36 बिरादरी के लोग शामिल होंगे। इस दिन सुबह आठ बजे से शहर में स्थापित तमाम महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण अभियान शुरू किया जाएगा। दोपहर को जाट धर्मशाला में समारोह होगा, जिसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह में 36 बिरादारी के होनहार बच्चों तथा अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले सर्व समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जाट महासभा के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर भाकियू की महापंचायत आज

# राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति को रद्द नही किया गया तो कुरुक्षेत्र से होगा आंदोलन का शंखनादः रतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** किसान भवन में नारेबाजी करते हुए भाकियू पदाधिकारी।

केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के मसौदे को रद्द करवाने का मामला दिन-प्रतिदिन तूल पकडऩे लगा है। जिसकों रद्द करवाने की मांग को लेकर प्रदेश के किसानों ने एकजूट होना शुरू कर दिया है। सयुंक्त किसान मोर्चा हरियाणा (एसकेएम) की ओर से इस मसौदे को केंद्र सरकार को वापिस लौटाने की मांग अब प्रदेशभर में जोर पकडऩे लगी है। इस बीच गत दिवस पंजाब विधानसभा में इस मसौदे को रद्द करके केंद्र सरकार को वापिस लौटाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। पंजाब सरकार के इस फैसले के आने के बाद हरियाणा के किसानों के हौंसले और बुलंद्व होंने लगे है। किसानों द्वारा लगातार की जा रही इस मांग को और बल मिलने लगा है। जाहिर है कि हरियाणा में किए जा रहा किसान आंदोलन आगे चल कर जौर पकड़ेगा। नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के विरोध में किसान नेताओं द्वारा प्रदेशभर में लगातार किसानों से संर्पक साध कर अपनी आवाज को तेज किया जा रहा है। जिसकों लेकर 20 मार्च को एसकेएम द्वारा पीपली स्थित सीएम आवास पर प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत करने का निर्णय लिया जा चुका है। जिसकी अंतिम तैयारियों को लेकर बुद्धवार को करनाल के अर्जुन नगर स्थित सर छोटू राम किसान भवन में भाकियू चेयरमैन साहब सिंह बाजवा की अगुवाई में आयोजन किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उतरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, चेयरमैन यशपाल राणा, संगठन सचिव शाम सिंह मान, चेयरमैन साहब सिंह बाजवा, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, निसिंग प्रधान जोगिंद्र सिंह बस्तली, महासचिव राजेंद्र राणा, किसान नेता बाबूराम डाबरथला, कार्यालय सचिव राजकुमार नोतना, वेद सागवान, रामेश्वर दादुपुर सहित कई कार्याकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान किसानों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करके अपनी आवाज को बुलंद्व किया। एसकेएम हरियाणा के नेता एंव भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने सीएम आवास पर की जाने वाली प्रस्तावित किसान महापंचायत को सफल बनाने को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों ने महापंचायत में अनुशासन में रह कर शामिल होना है। सभी ने 20 मार्च को सुबह 11 बजे पिपली स्थित चौधरी देवीलाल पार्क में पहुंचकर किसान महापंचायत का आयोजन करने के उपरांत कर सीएम आवास की ओर कूच करना है।

**खबर संक्षेप**

### कुराड़ से श्री श्याम ध्वज यात्रा 23 को

**बापौली।** श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ द्वारा चौथी श्री श्याम ध्वज यात्रा 23 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस जानकारी देते हुए श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ के सदस्य बलवान शर्मा ने बताया कि गांव के मुख्यअड्डेसे 23 मार्च को सुबह 6 बजे एक भव्य श्रीश्याम ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें श्यामभक्त श्रीश्यामजी के भजनों पर झूमते गाते हुए श्री श्याम ध्वज लेकर पैदल चुलकाना धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर में पहुंचकर ध्वज चढ़ाएंगे और श्री श्याम बाबा के दर्शन करेंगे।

### सुरक्षित भविष्य की नींव है बजट : दुष्यंत भट्ट


दुष्यंत भट्ट।

**पानीपत।** हरियाणा सरकार ने के इस बजट में पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए सर्व समाज के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। यह विचार व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में प्रदेश के चहुंमुखी विकास का खाका पेश किया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। किसान, श्रमिक, बुजुर्ग, युवा व महिला सहित हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है और कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार आदि के जनकल्याणकारी योजनाएं पेश की गई हैं।

## प्रशासन हर महीने सरकार की योजनाओं से मीडिया को कराएगा अवगत

# मीडिया की सकारात्मक भूमिका के कायल हो गए डीसी साहब

जिला उपायुक्त ने कहा प्रेस व प्रशासन का अटूट संबंध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



औद्योगिक नगरी पानीपत की यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह प्रयासरत है। शहर में किसी तरह की जाम की स्थिति न बने इस पर सरकार भी काफी गंभीर है। प्रशासन द्वारा ठोस कदम भी उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त डा. विरेंदर कुमार दहिया ने जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न समाचार पत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यहां की मीडिया ने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाकर समाज में भाईचारा कायम रखने का प्रयास किया है। नूह के मामले में यहां की मीडिया की भूमिका बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय रही। उपायुक्त ने बताया कि बरसत रोड से एलिवेटेड हाईवे पर जाने के लिए व्यवस्था की जाएगी। इसको लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। शहर के नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गंदे नाले की सफाई की गई है। एक पत्रकार के सवाल पर उपायुक्त ने कहा कि बरसत रोड की नजदीक जो मार्ग टूटा है उसे दुरुस्त किया जाएगा। उपायुक्त ने तत्काल संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वे इसमें जरा भी देरी न करें। उपायुक्त ने कहा कि हर महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसमें सरकार द्वारा जिले में संचालित की जा रहीं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पत्रकार प्रशासनिक न्यूज़ लिखने से पहले उनसे बात कर सकता है। उनके लिए वे हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि पानीपत की मीडिया ने हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाई है। प्रेस व प्रशासन का संबंध अटूट है। इस संबंध को भविष्य में भी मजबूत रखने का उन्होंने मीडिया कर्मियों से आह्वान किया। उपायुक्त ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील बस्ताड़ा को पत्रकारों की एक कमेटी बनाने के निर्देश भी दिए ताकि भविष्य में व्यवस्था बनाकर कार्य किया जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल,पंजाब केसरी न्यूज पेपर से वरिष्ठ पत्रकार सुरजीत खरब , दैनिक जागरण से राज सिंह,एनकाउंटर से कमाल हुसैन, संजय जैन ,विरेंद्र सुधाकर, राम गोपाल के अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से सौरभ, आदेश त्यागी, रमन और बड़ी संख्या में विभिन्न चैनलो व समाचार पत्रों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**समाधान किया जाएगा**

अतिरिक्त उपायुक्त एवं निगम आयुक्त डॉक्टर पंकज ने पत्रकारों से कहा कि निगम से संबंधित कोई भी अगर कुछ है तो वो उससे मिल सकते हैं। तत्काल उनकी समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा व उनका समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर एमडी शुगर मिल मनदीप सिंह ने पत्रकारों को शुगर मिल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। इस मौके पर विभिन्न विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को कई विषयों को लेकर सुझाव भी साझा किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने भविष्य में भी इस तरह के संवाद को जारी

**एसपी भी बोले, मैं भी मीडिया के साथ**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस व प्रेस का हमेशा गहरा नाता रहा है। पुलिस विभाग की तरफ से मुख्यालय पर डीएसपी की नियुक्ति की गई है। पत्रकार किसी भी न्यूज के संदर्भ में उनसे बात कर सकते हैं। उन्होने कहा कि मैं स्वयं भी पत्रकारों को विशेष तौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को बाइट देता रहा हूं। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रेस प्रतिनिधि जब भी न्यूज प्रेषित करें तो वह पूरी पारदर्शिता बरते व जहां प्रशासन के वर्जन की जरूरत हो उनसे बात करें।

*अध्यात्म और आत्मिक शांति का संदेश दिया*

# शिव बाबा को याद कर किए कार्य में मिलती है सफलता : बीके सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पार्षद अमित नारंग को सम्मानित करते बीके सुनीता व अन्य।

हुडा ब्रह्मकुमारीज सेवाकेंद्र पर आज भव्य राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 15 वार्ड के पार्षद अमित नारंग ने वहां की संचालिका राजयोगिनी सुनीता से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भव्य राजयोग कार्यक्रम में अध्यात्म और आत्मिक शांति का संदेश दिया गया। बीके सुनीता ने पार्षद को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भी कोई कार्य करते समय निराकार भगवान शिवबाबा की याद रहती है तो उसमें सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि हमें यह स्मृति बनी रहती है कि कराने वाला शिवबाबा है और हम केवल निमित्त मात्र हैं, तो कार्य सहजता से संपन्न होते हैं। वहीं बीके सुनीता ने ईश्वरीय महावाक्यों के माध्यम से उपस्थितजनों को प्रेरणा दी। अमित नारंग ने कहा कि जब उन्हें पहली बार टिकट मिली थी और फिर चुनाव परिणाम आए थे, तब भी वे शिवबाबा और सेवाकेंद्र की दीदियों का धन्यवाद करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यहां आकर मन को असीम शांति मिलती है। इस अवसर पर अमित नारंग और उनके भाई अशोक नारंग को सेवाकेंद्र की ओर से शिवबाबा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# आईबी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या डा.शशि प्रभा मलिक व अन्य।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में युवा मेरे भारत के लिए और डिजिटल साक्षरता विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस शिविर में आईबी पीजी कॉलेज के कई एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिनमें खुशबू, शिवानी, अंजलि, खुशी मिश्रा, नितिन वर्मा और आर्यन शामिल रहे। खुशी मिश्रा ने गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिवानी ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। नितिन वर्मा ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू ने दी।


पानीपत। सर्विस रोड का निरीक्षण करते हुए डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी

### नागरिकों की सुविधा के लिए सर्विस रोड का विस्तारिकरण जरूरी: डॉ. विरेंद्र दहिया

**पानीपत।** बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए एनएचआई के सर्विस रोड पर किये जा रहे कार्य को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आज मुआयना किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि लोगों को किसी भी तरह के आवागमन में असुविधा का सामना ना करना पड़े। इसको लेकर सर्विस लेन को और विस्तार देना होगा। डीसी ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि सर्विस लेन में जो बिजली के पोल विस्तार में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं उन्हें अतिशीघ्रता से वहां से हटाया जाए। उन्होंने दोनों साईड के सर्विस रोड़ का मुआयना किया व सिथति का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता धर्म सिहाग व एनएचआई के अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 74 समस्याएं पहुंची, डीसी ने अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

- कोई भी समस्या उस वक्त तक बड़ी है जब तक हम उसे दूर करने का निर्णय नहीं लेते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। समाधान शिविर में जनता की परेशानियां सुनते डीसी,एसपी व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि ये जनता समाधान शिविर निर्बल लोगों का साथी है। इसमें वहीं लोग अपनी समस्याओं को लेकर दस्तक देते हैं जो यादा जरूरतमंद है व जिनकी सुनवाई नहीं होती। ऐसे लोगों की मदद करना हमारा सब का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का बस एक नजरिया जरूरतमंद लोगों की जिन्दगी को आसान बना सकता है। इसको लेकर समस्याओं रूपी चुनौती को हमें पार करना है। इस कार्य में हमारे द्वारा लिया गया निर्णय जरूरत मंद लोगों के लिए वरदान है। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि कोई भी समस्या उस वक्त तक बड़ी है जब तक हम उसे दूर करने का निर्णय नहीं लेते। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित पहुंची अनेकों समस्याओं पर संज्ञान लिया व थानों के एसएचओ को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आज कुल 74 समस्याएं पहुंची। इस मौके पर एमडी शुगर मिल मनदीप, सीईओ डॉ.किरण सिंह, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, सीएमओ डॉ.जयंत आहुजा, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल, डीटीओ हजारा सिंह आदि मौजूद रहे।


पानीपत। प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन सिटी यूनिट ने आज गोहाना रोड स्थित पावर हाउस में कार्यकारी अभियंता सिटी डिविजन पानीपत के कार्यालय के समक्ष बिजली कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान दलेल शर्मा ने व संचालन कैशियर महीपाल ने किया। राज्य के उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि कार्यकारी अभियंता को पिछले 6 महीने से कर्मचारियों की समस्या का मांग पत्र दिया हुआ है जबकि आज तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। वहीं प्रधान दलेल शर्मा ने कहा कि कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की मांगों को पूरा ना करके कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं अगर समय रहते कर्मचारियों की समस्याएं हल नहीं होती तो यूनियन आंदोलन को आगे बढ़ाने पर मजबूर होगी। प्रदर्शन को मुख्यतःप्रमोद शर्मा, शिवकुमार, रमेश, कटार सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनोद, सौरभ, मुकेश, नरेंद्र व बलराम आदि नेताओं ने संबोधित किया।

# हरियाणा में 23 को सात स्थानों पर मनाया जाएगा बिहार दिवस : डा. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



बिहार दिवस को लेकर जानकारी देते हुए डा.अर्चना गुप्ता व अन्य।

वैसे तो बिहार दिवस 22 मार्च को होता है परन्तु हरियाणा में आगामी 23 मार्च को हरियाणा में सात स्थानों पर बिहार दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बिहार दिवस प्रदेश संयोजक डॉ.अर्चना गुप्ता ने दी। इन स्थानों में पानीपत, यमुना नगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, सोनीपत, फरीदाबाद एवं गुरुग्राम शामिल रहेंगे। इन सभी स्थानों पर बाद बिहार दिवस पर भव्य आयोजन आयोजन किए जाएंगे।इन में बिहार से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ,नव निर्वाचित महापौर कोमल सैनी, बिहार दिवस के प्रदेश सह संयोजक वेद पराशर मौजूद रहे।

### आवामी एकता मंच शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** आवामी एकता मंच हरियाणा के रा य संयोजक एडवोकेट संजय कुमार ने बताया कि आगामी 22 मार्च को सांय 5 बजे देसराज कॉलोनी के देवी मूर्ति स्कूल में शहीदों की याद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सभा का आयोजन किया जाएगा। उगेखनीय है कि 23 मार्च के दिन ही साम्रा यवादी लुटेरी सरकार ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी चढ़ा दिया था।

# गायक मासूम शर्मा को न्याय मिले नहीं तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। आयोजित सभा में मौजूद सतीश शर्मा डाहर व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणवीं गायक मासूम शर्मा के गानों पर बैन लगाने को लेकर ब्राह्मण समाज पानीपत के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज हरियाणा सतीश शर्मा डाहर के नेतृत्व में श्री भगवान परशुराम धर्मशाला में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गयाकि हरियाणा सरकार ने हरियाणा मेंबढ़रहेगनकल्चर एवंब दमाशी के गानों पर प्रतिबंध लगाने के नाम पर मासूम शर्मा के गानों पर एकतरफा कार्यवाही करते हुए जो प्रतिबंध लगाया है वो सरासर भेद भावपूर्ण वगलत है। उन्होंने कहा कि क्या मासूम शर्मा ही ऐसे गाने गाता है। हरियाणा में और सारे कलाकार केवल कीर्तन और भजन गाते हैं। अगर इस कल्चर पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना है तो सभी कलाकारों के अश्लील व अभद्र गानों को प्रतिबंध किया जाए। सतीश डाहर ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा गलत को गलत और सही को सही कहने वाला है। ब्राह्मणों का इस गायकी के क्षेत्र में भी अतुलनीय योगदान रहा है। सूर्य कवि दादा लखमीचंद एवं दादा मांगें राम इसके जीते जागते उदाहरण हैं। हम मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी से अनुरोध करते हैं कि आप इस पूरे प्रकरण पर ध्यान देकर के ब्राह्मण समाज के गायक मासूम शर्मा के साथ न्याय करें।

# स्कूल में छात्र संख्या बढ़ाने का अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना


पानीपत। गांव बुआना लाखु में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अभियान चलाते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

उपमंडल के सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने को लेकर अध्यापकों द्वारा डोर टू डोर अभियान के तहत कई स्कूलों में गांव में जाकर रैलियां निकाली जा रही हैं तथा कहीं प्रधानाचार्यों द्वारा अध्यापकों के ग्रुप बनाए गए हैं जो अपने क्षेत्र में घर घर जाकर दाखिला संख्या को बढ़ाने में जुटे हुए हैं। आज क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुआना लाखु के अध्यापक ग्रामीणों से मिलकर घर घर जाकर दाखिला बढ़ाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। प्रधानाचार्य जितेंद्र जागलान ने बताया कि विद्यालय से इतिहास प्रवक्ता सोमबीर कुंडू, डीपीई प्रदीप घणघस, एसएस अध्यापक मनफूल सिंह व अन्य सदस्य स्कूल में छात्र छात्राओं की संख्या बढ़ाने के लिए गांव में सरपंच, पंच और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ानेकेलिए जागरुक कर रहे हैं।

# बाल जाट्टान में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। चिकित्सा शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए ईडी एमएल डहरिया।

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रो केमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय बाल जाट्टान में एक मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख द्वारा किया गया। जिनके साथ ओमप्रकाश मुख्यमहाप्रबंधक मानव संसाधन,विवेक शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक,नरेंद्र राठी सरपंच बाल जाट्टान गांव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सक सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की गई।

**कार्यक्रम** | डॉ.मीनाक्षी चौधरी संस्कृति विभाग की पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया

# तनाव से उभरने का एकमात्र उपाय है हास्य कवि सम्मेलन : सुरेंद्र

- कवियों ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। हास्य कालोनी में शामिल होते मुख्यातिथि सुरेंद्र दुहन एडवोकेट व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल तथा आर्य कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आज आर्य कॉलेज में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महेंद्र अजनबी,दीपकसैनी,राजेश चेतन,रजनीअवनीने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं डॉ.मीनाक्षी चौधरी संस्कृति विभाग की पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मीनाक्षी ने कहा कि गजेंद्र फोगाट निदेशक हरियाणा कला परिषद के निर्देशन में ऐसे सांस्कृतिक उत्सव निरंतर प्रदेश भर में जारी हैं।

बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रधान बार एसोसिएशन पानीपत सुरेंद्र दुहन एडवोकेट ने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन को शांत करने मन को स्वस्थ करने के लिए हास्य कवि जैसे आयोजन कारगर सिद्ध होंगे। वहीं बॉलीवुड से पधारे हास्य कलाकार विकास बेदी ने बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में शिरकत की। जबकि दादा लख्मी चंदसोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि हमारी संस्था हर सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देती रही है और आगे भी देती रहेगी। कवियों ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर दिया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन पानीपत के पूर्व प्रधान शेर सिंह खर्ब एडवोकेट, सुमित आर्य, महेंद्र भाटिया, देवेंद्र तूफान, कमल वर्मा, चांद कोर, कमलेश पालीवाल व लोक कलाकार नरेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे।


पानीपत। दुष्यंत भट्ट का मुंह मीठा कराते हुए संजय गोयल। फोटो :हरिभूमि

### दुष्यंत भट्ट दोबारा जिलाध्यक्ष घोषित

**समालखा।** भाजपा पार्टी से दुष्यंत भट्ट को दोबारा जिलाध्यक्ष घोषित होने पर पार्षद संजय गोयल व मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल ने उनके कार्यालय पर जाकर उनका मुंह मीठा करवाया व भाजपा पार्टी का धन्यवाद किया। वहीं दुष्यंत भट्ट ने मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल से कहा की आप समालखा में पार्टी के लिए पहले भी मेहनत व ईमानदारी से कार्य कर रहे थे इसी तरह आगे भी पार्टी के लिए कार्य करते रहो मेरे लायक जो भी कार्य हो मुझे बताओ मैं लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे हाजिर हूं।

## खबर संक्षेप

### किया जाएगा समस्याओं का समाधान

**अंबाला।** महाप्रबंधक दूरसंचार के सहायक महाप्रबंधक(प्रचालन) ने बताया कि सभी दूरभाष केंद्रों के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के लिए टेलीफोन अदालत तथा खुला दरबार का 24 मार्च 2025 दिन सोमवार को 12:00 बजे किया जाएगा। कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार में सभी उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर समाधान किया जाएगा। इस अदालत मे उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा महाप्रबंधक दूरसंचार द्वारा किया जाएगा।

### 1076 शिकायतों का किया निपटान

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर लोगों के लिए बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। 25 नवंबर 2024 से लेकर 18 मार्च 2025 तक यहां पर आयोजित समाधान शिविर में 1154 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 1076 शिकायतों का निपटान किया गया हैं। 78 शिकायतों पर विभागीय अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं। इन शिकायतों ण्का भी जल्द निपटान करते हुए प्रार्थियों की समस्याओं का हल किया जाएगा।

### मिलेगा एक लाख रुपये का इनाम

**अंबाला।** प्रदेश सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अंबाला कैंट के नजदीक अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे-एनएच 44 पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य और विशाल शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिह्न (लोगो) तैयार करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/डिजाइनर/कलाकार एवं आमजन से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। जिस व्यक्ति के लोगो का चयन होगा उसे विभाग की ओर से एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

### तीन बंदियों को मिली रिहाई

**अंबाला।** सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने केंद्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 6 मुकदमों पर सुनवाई हुई। इनमें 3 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम ने बताया कि प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले एवं तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं।

### युवा अपना वोट जरूर बनवाएं: उपायुक्त

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि चुनावों को सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती हैं। मत की महत्वता को ध्यान में रखते हुए जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी करता है वह अपना मत अवश्य बनवाएं। इस कार्य में राजनीतिक प्रतिनिधि भी आमजन को जागरूक करें। तोमर अपने कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक ले रहे थे।

## असीम गोयल बोले- मील का पत्थर साबित होगी आईएमटी

# आधा दर्जन गांव में लाखों की विकास योजनाओं का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

अंबाला शहर में विकास का पहिया इसी तरह निरन्तर चलता रहेगा विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अबाला। विकास कार्यों का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव तर,मस्तपुर,भड़ी,सुल्लर और धुरखड़ा को प्रदेश की नायब सरकार ने करोड़ों की सौगात दी है। इसके तहत विभिन्न गांवों में पूरे हुए विकास कार्यों व नए शुरू होने वाले विकास कार्यों का पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किए गए पहले ही बजट में आईएमटी के लिए रखे गए बजट को लेकर भी असीम गोयल ने सीएम नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी आभार व्यक्त किया।

बता दें कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने बुधवार को सबसे पहले अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव तर में लगभग 23 लाख रुपए की लागत से रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास व लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बने सड़क व नाली के कार्य उदघाटन किया व गांव मस्तपुर की लगभग 13 लाख 67 हजार रुपए की लागत से खेतों के रास्ते बनाने के कार्य का शिलान्यास कन्या के हाथों करवाया 1 इसके बाद गांव भडी में लगभग 11 लाख 13 हजार रुपए की लागत से खेतों के रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास व लगभग 4 लाख 16 हजार की लागत से पंचायत घर में शौचालय, चारदीवारी के निर्माण कार्य, 2 लाख 50 हजार की लागत से एससी चौपाल के निर्माण कार्य का उद्घाटन व 3 लाख रुपए की लागत से फिरनी की सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। गांव सुल्लर में 6.50 लाख की लागत से बने नाले व लगभग 8 लाख रुपये की लागत से बनी बीसी चौपाल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सुल्लर गांव में ही लगभग 14 लाख से बनने वाले रास्ते के निर्माण का शिलान्यास भी किया। अंत में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल धुरखड़ा गांव पहुंचे। यहां लगभग 27.7 लाख की लागत से बनने वाले रास्ते के निर्माण का शिलान्यास किया। असीम गोयल ने बताया कि अंबाला शहर में विकास का पहिया इसी तरह निरन्तर चलता रहेगा। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा,मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना,गुरजंट सिंह,सरपंच चनप्रीत सिंह,जसविंदर सिंह,गुरचरण सिंह,संजीव गोयल,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,मोंटी सुल्लर व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### युवाओं को अच्छा रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किए गए पहले ही बजट में आईएमटी अंबाला शहर के लिए रखे गए बजट को लेकर भी असीम गोयल ने मौजूदा सीएम नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी आभार व्यक्त किया। असीम गोयल ने अपने संबोधन में कहां कि आज आईएमटी सिर्फ विकास के लिए ही नहीं बल्कि हमारी नौजवान पीढ़ी के लिए भी बेहद जरूरी प्रोजेक्ट है। यह परिवार को परिवार के साथ जोड़कर रखने का प्रोजेक्ट भी साबित होगा। क्योंकि क्षेत्र के युवा या तो विदेशों की तरफ रुख कर रहे हैं या फिर पढ़ लिखकर घरों से दूर काम कर रहे हैं। आईएमटी स्थापित होने के बाद जब इलाके में ही बड़ी बड़ी कंपनियां आएंगी तो युवाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। युवाओं यहीं अच्छा रोजगार मिलेगा।



अंबाला। शिविर में रक्तदान करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

# जीएमएन कॉलेज में छात्रों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

- जेसीआई, सिविल अस्पताल व फोर्टिस अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जेसीआई अंबाला , सिविल अस्पताल अंबाला कैंट एवं फोर्टिस अस्पताल, मोहाली व ड्रॉप्स ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में महिलाओं में कैंसर की जांच भी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जेसी जगदीप सिंह सोढ़ी ने शिरकत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के द्वारा की गई। यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका निभाई । मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि जब आप रक्तदान करते हैं तो सिर्फ अपना रक्त नहीं देते बल्कि एक या एक से अधिक लोगों को जीवन दान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर परिस्थिति में रक्तदान करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से रक्त कोशिकाओं में आयरन को कम करके दिल और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है ।


### स्वास्थ्य भी जांचा

फोर्टिस अस्पताल से आए विशेषज्ञ डॉक्टर,डॉ. विशाल और डॉ. दीप्ति ने रक्तदान के महत्व और महिला कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाई। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में जेसीआई के अध्यक्ष विभू शर्मा एवं रोहित जैन, सुमित गुप्ता ,आदित्य वर्मा ,अंतिश मित्तल, विपिन शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोग आगे बढ़कर रक्तदान के लिए प्रेरित होते हैं। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया और महिला कैंसर जांच शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# आधार बनाने व अपडेट करने का काम ठप

- दर्जनों गांवों के लोगों को आधार बनवाने व अपडेट करवाने के लिए करना पड़ रहा है लंबा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



आप सभी को सूचित किया जाता है।
कि आधार कार्ड से संबंधित कार्य अब
बराड़ा नई तहसील में दिन
सोमवार,बुधवार,शुक्रवार को किए
जाते हैं।
इसके अलावा अंबाला कैंट सिविल
अस्पताल में आधार कार्ड का कार्य पूरे
सप्ताह किया जाता है।

तहसील के बाहर चस्पाया नोटिस।

उप-तहसील में पिछले करीब तीन महीनों से आधार कार्ड बनाने और अपडेट होने का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। जिस कमरे में पहले आधार अपडेट किए जाते थे वहां अब एक नोटिस लगा दिया गया है कि ऑपरेटर उपलब्ध नहीं है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधार अपडेट कराने के इच्छुक लोगों को अब मुलाना से करीब 9 किलोमीटर दूर बराड़ा जाना पड़ रहा है। स्थिति और भी मुश्किल इसलिए हो गई है क्योंकि बराड़ा में भी आधार सेवा केवल हफ्ते में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही उपलब्ध है।

सीमित दिनों की इस सुविधा के कारण वहां भारी भीड़ लग रही है जिससे लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। जब बराड़ा भी काम नहीं हो पाता तो लोगों को मुलाना से करीब 25 किलोमीटर जाना पड़ता है। या फिर दूसरे जिलों में भटकना पड़ता है।

### जल्द समाधान

आधार कार्ड अपडेट करने वाला ऑप्रेटर अब यहां नहीं बैठता। कमरे के बाहर नोटिस भी लगाए गए है। इसकी वजह से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। उम्मीद है कि नए ऑप्रेटर के बाद यहां आधार अपडेट करने का काम शुरू हो जाएगा। -आलमगीर, नायब तहसीलदार, मुलाना

# फैक्ट्रियों से निकलने वाला पानी बना परेशानी

- समिति के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने जाते मारकंडा सेवा समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

कालाअंब में स्थित पवित्र मारकंडा नदी में फैक्टरियों द्वारा गंदा व विषैला कचरा डालने से रोकने हेतु मारकंडा सेवा समिति के सदस्यों ने बुधवार को नायब तहसीलदार संजीव अत्री को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कचरा डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा तुरंत कचरा गिराने से रोकने की मांग की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ व्यक्ति और कंपनियां इस नदी में कचरा डालने की अव्यवस्थित तरीका अपना रही हैं। इसके कारण नदी में प्रदूषण फैल रहा है। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। मारकंडा नदी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब औद्योगिक और घरेलू कचरे का डंपिंग जोन बन गई है जिसमें प्लास्टिक , अपसंस्कृत औद्योगिक अपशिष्ट रसायनिक कचरा और अन्य खतरनाक सामग्री शामिल है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह प्रदूषण न केवल पानी की गुणवत्ता को बिगाड़ रहा है बल्कि नदी में मौजूद जलीय जीवन के लिए भी खतरनाक है।

### ये रहे मौजूद

समिति ने मांग की कि जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन को बचाने के लिए कार्रवाई की जाए तथा जो लोग नदी में प्रदूषण फैला रहे हैं उन पर भारी मात्रा में जुर्माना लगाने के साथ-साथ कठोर कार्रवाई भी की जाए। ज्ञापन देने वालों में मानव अधिकार संरक्षण संघ की सुनीता भंडारी, अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद विभागीय अध्यक्ष विक्रांत शर्मा, मारकंडा सेवा समिति के रामपाल, रमेश कुमार, अरूण, अमन, इंद्र, सागर तथा गुरप्रीत सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# स्वामी दयानंद गिरी महाराज का 106वां जन्मदिवस मनाया

- अनेकों श्रद्धालु दूर दराज से आकर उनके दर्शन करते थे



अंबाला। स्वामी दयानंद गिरी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मौजूद पदाधिकारी।

**अंबाला।** स्वामी दयानंद गिरी महाराज का बुधवार को 106 वां जन्मदिन मनाया गया। अंबाला शहर में घेल रोड पर स्थित स्थान को विरक्त कुटिया का नाम दिया गया है। बताते हैं कि जब स्वामी जी यहां आते थे तो यहां पर कई दिनों तक तपस्या करने के लिए एक बोरी पर बैठकर एक छोटे से पुरानी ईंट से बने कमरे में ही रहते थे। अनेकों श्रद्धालु दूर दराज से आकर उनके दर्शन करते थे। स्वामी तीन घरों से तीन रोटी लेते थे और एक वक्त ही भोजन करते थे। न ही वो किसी को ज्यादा अपने पास बैठने देते थे। स्वामी को अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, गुजराती,संस्कृत समेत कई भाषाओं का ज्ञान था उन्होंने कई आध्यात्मिक ग्रंथ लिखे । कहते है कि वो ज्यादातर पैदल ही यात्रा करते थे। उनकी जरूरतें भी कम से कम थी। अब भी अंबाला शहर के वासी उनको याद करते हैं उनकी राह पर ही उनके शिष्य स्वामी गोबिंद महाराज चल रहे हैं।

# सरसों की सरकारी खरीद प्रारंभ

- पहले दिन 5950 रुपये क्विंटल बिकी सरसों ,सरकार का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। सरसों की खरीद करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी में बुधवार से सरसों की सरकारी खरीद आरंभ होने से किसानों के चेहरे खिले उठे। सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड ने खरीद के पहले दिन मात्र 11 क्विंटल सरसों की खरीद 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की। बता दें कि पिछले कईं वर्षों से अनाजमंडी से सरसों व सूरजमुखी की सरकारी खरीद आरंभ करने को लेकर अनाजमंडी एसोसिएशन प्रयासरत थी। पहले अंबाला में अंबाला, मुलाना तथा शहाजादपुर अनाजमंडी से विभिन्न सरकारी एजेंसियां सरसों व सूरजमुखी की सरकारी खरीद करती थी। एसोसिएशन के प्रयासों से अब नारायणगढ़ अनाजमंडी से भी प्रदेश सरकार ने सूरजमुखी की सरकारी खरीद आरंभ कर दी है।

पहले दिन सरसों की बोली के समय मार्केट कमेटी की लेखाकार इंदु रानी, ऑक्शन रिकार्डर दिनेश कुमार सहित अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रधान व अन्य आढ़ती उपस्थित रहे। बता दें कि खुले बाजार में सरसों मात्र 5500 व 5600 प्रति क्विंटल की दर से बिक रही थी। प्रदेश सरकार ने सरसों का सरकारी मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

# मानसून सीजन से पहले नालों की सफाई के आदेश

- एसडीएम बोले-नहीं होनी चाहिए लापरवाही

**बराड़ा।** एसडीएम अमित भारद्वाज ने लघु सचिवालय के सभागार में मानसून सीजन के दौरान अधिक वर्षा होने की स्थिति में संभावित बाढ़ के खतरो से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा के समय आपसी समन्वय से जानमाल की बेहतरीन सुरक्षा की जा सकती है। साहस और समझबूझ के साथ-साथ दक्षता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी संभावित बाढ़ वाले स्थानों को चिन्हित कर लें और सुदृढ़ व्यवस्था करे। एसडीएम ने नगर निगम, पब्लिक हेल्थ, मार्केटिंग बोर्ड, पीडब्लूडी व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नालों और सीवरेज की सफाई जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान बनाकर नाले और नालियों की सफाई करवाएं, समय पर सभी कार्य पूरे करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाढ़ के दौरान स्थिति से निपटने के लिए नौकाओं एवं गोताखोरों को संसाधनों सहित मुस्तैद रखें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जरूरत की जगहों पर ठोकरो व तटबंधों की सुरक्षा पुख्ता करे।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

- नशामुक्त समाज के लिए छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली, नाटक भी प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। शिविर के दौरान मौजूद कॉलेज छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में बुधवार को विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एनएसएस गीत गाकर किया गया।

प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस कैंप से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएं और समाज के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें। डॉ. दलजीत कौर ने /"नैतिक शिक्षा/" विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर दिया। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा व्यक्ति के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और आत्मसंयम व अनुशासन की प्रेरणा देती है। डॉ. नवनीत कौर ने /"रोड सेफ्टी/" पर छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि सड़कें केवल नेटवर्किंग का साधन नहीं होतीं बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में भी अहम योगदान देती हैं। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव रजौली में /"नशा मुक्त भारत/" पर जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर राजेश सैनी ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया और डेमो के माध्यम से बताया कि घायल व्यक्ति की जान कैसे बचाई जा सकती है।

**आश्वासन** सहमति के बाद नपा व ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन सात दिन के लिए स्थगित किया

# सफाई कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति, 24 तक मिलेगी सुविधाएं

कर्मचारियों की मांगों पर सचिव नपा की अध्यक्षता में ठेकेदार के साथ मीटिंग हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। सचिव के साथ खड़े ठेकेदार के प्रतिनिधि व सफाई कर्मी तथा सीटू नेता।

शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों की मांगों पर सचिव नगरपालिका की अध्यक्षता में ठेकेदार के साथ मीटिंग हुई। ठेकेदार के प्रतिनिधि ने अधिकारी को लिख कर दिया कि वर्कआर्डर अनुसार न्यूनतम वेतन, पीएफ, वर्दी, ईएसआई व गलत रूप से वेतन कटौतियों के भुगतान समेत सभी सुविधाएं कर्मचारियों को 24 मार्च तक दे दी जाएंगी। मौका पर ही ठेकेदार ने कर्मचारियों को बूट व गलब्ज वितरित किए तथा ईएसआई नंबर की लिस्ट भी व्हट्सएप पर उपलब्ध करवाई। सचिव नगरपालिका ने मीटिंग में यह भी कहा कि घरों से हर दिन कूड़ा उठाने का स्थायी समाधान जल्द हो जाएगा। इसके साथ ही कूड़ा उठा रहें कर्मचारियों के 2023 के 70 दिन व 2024 के 28 दिन के बकाया वेतन के भुगतान बारे 21 मार्च को डीएमसी के साथ होने वाली बैठक में निर्णय लेकर संगठन को सूचना दें।

### टेंडर रद होगा

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारी पिछले छह दिनों से अपनी ड्यूटी के बाद जनता के बीच जाकर आपबीती सुना रहें थे कि उनके साथ किस प्रकार से शोषण हो रहा है। साफ सफाई के नाम पर शहर की जनता के खून पसीने की कमाई किस तरह लूटी जा रही है इसकी भी जानकारी दी जा रही थी। इसके चलते ही नगरपालिका प्रशासन ने वर्कआर्डर को लागू करने के लिए ठेकेदार को अल्टीमेटम देते कहा था कि यदि मांगों का हल नहीं किया तो टेंडर रद्द कर दिया जाएगा। इसके बाद ही यह बैठक हुई। फिलहाल एक सप्ताह के लिए धरना-प्रदर्शन रुक गया है।